आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राज्य में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मिली मंजूरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा यह निगम।
- प्रदेश सरकार के कैबिनेट बैठक में तीस प्रस्तावों को मिली मंजूरी, अयोध्या में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड हब सेंटर के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को दी जायेगी जमीन, गठित होगा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन।
- प्रदेश में कावड़ यात्रा की तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा–कावड़ यात्रा और त्योहारों के मद्देनजर किए गए हैं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।
- लखनऊ में आज से शुरू हो रहा है तीन दिवसीय आम महोत्सव।

**********

प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा। कल एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक और आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। एक रिपोर्ट

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए । मंडल और जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाए। एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम तीन वर्षों के लिए हो। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों की सेवाएं बाधित न हों और उन्हें अनुभव के आधार पर वेटेज दिया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि आउटसोर्सिंग कार्मिकों का पारिश्रमिक प्रत्येक माह की पांच तारीख को उनके खाते में चला जाए। उन्होंने कहा कि नियमित पदों को विरुद्ध कोई भी आउटसोर्सिंग सेवा नहीं ली जाए। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि प्रदेश में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम को एक रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए। यह सभी एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी और अन्य वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करे। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में कुल तीस प्रस्तावों को पारित किया गया। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जनपद अयोध्या और आसपास क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड–एनएसजी हब सेंटर निर्माण के लिये प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके लिए नुजूल की आठ एकड भूमि निन्यानवे साल की लीज पर भारत सरकार के गृह विभाग के पक्ष में आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना हेतु जो जमीन है वो कंटोनमेंट अयोध्या क्षेत्र में स्थित है लेकिन है नजूल जमीन उसको हम निन्यानवे साल के जो है वो भारत सरकार के गृह विभाग को देने का अनुमोदन मंत्री परिषद ने दिया है।**

बैठक में जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र जेपी–एनआईसी परियोजना को अब लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंपने के प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। प्रदेश सरकार में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि कैबिनेट ने रोजगार की दृष्टि से बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन का प्रस्ताव पास किया है। उन्होंने कहा कि मिशन के गठन के साथ सरकार देश और विदेश दोनों स्तरों पर युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेगी।

कैबिनेट द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी उन्तीस कारखानों में काम करने की अनुमति भी दे दी गई। बैठक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेस वे को मंजूरी दे दी गई। साथ ही चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली दो हजार पचीस और उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग वेटनरी फार्मासिस्ट सेवा नियमावली दो हजार पचीस को भी मंजूरी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु अट्ठावन वर्ष से बढ़ाकर साठ वर्ष करने का निर्णय लिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उत्तर प्रदेश इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स–यूपी आईएमएलसी की लॉचिंग किया। इसके तहत प्रदेश के एक्सप्रेस वेज के किनारे विकसित किए जा रहे सत्ताईस नोड्स की लॉन्चिंग हुई है, जो उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण–यूपीडा द्वारा विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इंटीग्रेटेड

मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स कलस्टर्स आने वाले समय में एक्सप्रेस वे की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करने के साथ ही नए उत्तर प्रदेश को औद्योगिक निवेश के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेंगे।

**********

प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण और भूमि प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जल संसाधन के समुचित संरक्षण, प्रबंधन और विकास के लिए ग्रामीण स्तर पर वॉटर शेड कमेटी का गठन किया है। सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना टू प्वाइंट जीरो परियोजना की गाइड लाइन के अनुसार ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में इस कमेटी का गठन किया है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना टू प्वाइंट जीरो के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि वॉटर शेड कमेटी का नाम स्थानीय भाषा और पहचान को ध्यान में रखते हुए जलागम समिति कर दिया गया है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में कावड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बीच, प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल लखनऊ में कहा कि प्रदेश सरकार ने आगामी कांवड़ यात्रा और त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं।

**हम हर स्थिति में प्रदेश में कानून व्यवस्था को मेंटेन करेंगे और कांवड़ यात्रा सहित जितने भी धार्मिक कार्यक्रम है, सभी धर्मों का सम्मान करते हुए हर स्थिति में हम सकुशल सभी धार्मिक समारोहों को संपन्न कराने का काम करेंगे।**

केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने कल लखनऊ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद की कमर तोड़ दी गई है। प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में कांवड़ यात्रा को लेकर भी सभी सावधानियां बरती जा रही हैं।

**आप देख रहे होंगे की आतंकवाद की लगभग कमर टूट गई। तो ये जो सावधानी बरती जा रही है प्रिवेंशन इस अलवेज बेटर थान क्यूर तो कांवड़ यात्रा में जो सावधानी बरती जा रही है वो कांवड़ यात्रियों के हित में और जनहित में कोई बड़ी घटना ना हो जाए वो उत्तर प्रदेश सरकार ले रही है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे। प्रदेश के उद्यान और कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें देशभर से आम उत्पादकों, निर्यातकों और वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जायेगा।

**आप सबको बड़े आदर के साथ आमंत्रित करता हूं कि सब लोग आएं और इस आम महोत्सव में आम महोत्सव को सफल बनाएं। आम महोत्सव हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार, हमारे विरासत का एक ऐसा सम्मेलन है जिसमें आम की मिठास भी है और राज्य के किसानों की समृद्धि भी इस मिठास के पीछे छुपी हुई है।**

**********

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कल नई दिल्ली में प्रसारण और मीडिया प्रौद्योगिकी पर उन्तीसवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। श्री सहगल ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में डिजिटल बुनियादी ढांचे में कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि संचार और प्रसारण में नई प्रौद्योगिकियों के आने से सामग्री का डिजिटलीकरण और लोकतंत्रीकरण हुआ है। इस अवसर पर प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि प्रसारण मीडिया परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

**********

प्रदेश में हो रही मानसूनी वर्षा से कई जिलों में नदियों का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति पैदा होने लगी है। सहारनपुर जिले के शांकभरी क्षेत्र की नदियों में बारिश के कारण उफान आ गया है। कल वहां शाहपुर गाडा नदी के बहाव में एक ट्रैक्टर ट्राली बह गई। वाराणसी, बलिया, अयोध्या, प्रयागराज, गोंडा और बदायूं सहित कई अन्य जिलों में भी नदियों का जल स्तर बढ़ने की सूचना है।

**********